Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding investigation into the liquour tragedy in Bihar by National Human Rights Commission.

श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' (मुंगेर) : महोदय, मैं आपके माध्यम से एक महत्वपूर्ण विषय की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं । राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने बिहार की राज्य सरकार को सूचना दी है कि छपरा में जहरीली शराब से जो मौतें हुई हैं, उनकी जांच राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग करेगा। यह राष्ट्रीय मानवाधिकार का मामला कहां से आ गया? जो संवैधानिक संस्थाएं हैं, उन संस्थाओं का जिस तरह का दुरुपयोग किया जा रहा है, यह दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। … (व्यवधान) अगर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग जांच कर रहा है तो वह कर्नाटक की जांच क्यों नहीं कर रहा है, मोरबी में पुल से 142 लोग मर गए, उनकी जांच क्यों नहीं हो रही है? … (व्यवधान) इसलिए यह संवैधानिक संस्थाओं का…. … (व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री टी. आर. बालू जी ।

… (व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी जी ।